[This question paper contains 7 printed pages.]

4093 *आपका अनुक्रमांक* ....

B.Com. (बी.कॉम.) / III **C**

Paper XV – HINDI

प्रश्न-पत्र XV – हिन्दी

मानविकी वर्ग – वैकल्पिक प्रश्नपत्र

(हिन्दी भाषा, साहित्य एवं साहित्येतिहास)

(प्रवेश-वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक : 75*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी : *प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

P.T.O.

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) मैत्री की बड़ी सुखद छाया,

शीतल हो जाती है काया,

धिक्कार-योग्य होगा वह नर,

जो पाकर भी ऐसा तरुवर,

हो अलग खड़ा कटवाता है,

खुद आप नहीं कट जाता है।

अथवा

दान जगत् का प्रकृत धर्म है, मनुज व्यर्थ डरता है,

एक रोज तो हमें स्वयं सब-कुछ देना पड़ता है :

बचते वही, समय पर जो सर्वस्व दान करते हैं,

ऋतु का ज्ञान नहीं जिनको, वे देकर भी मरते हैं। (6)

(ख) "आवेश राजनीति का दुश्मन है। राजनीति में विवेक चाहिए। विवेक और धीरज।" प्रवचनीय मुद्रा में दा साहब ने जीवन के अनुभवों से निचुड़ा हुआ वाक्य उछाला। फिर कुछ क्षण रुककर हौसला बँधाते हुए बोले, "आएगा, पद पर बैठोगे तो पद की जिम्मेदारी स्वयं सब सिखा देगी।"

अथवा

आज शिल्पी पर अत्याचार का प्रहार हो रहा है । कला पर मदान्धता टूट पड़ी है । सौन्दर्य की सत्ता पैरों के तले रौंद रही है । और कोणार्क – आपका सुनहरा सपना, जिस घोंसले में आपके अरमानों का पंछी बसेरा लेने जा रहा था – वही कोणार्क, एक पामर, पापी, अत्याचारी के हाथ का खिलौना बन जाएगा । आतंक के हाथों में जकड़ी हुई कला सिसकेगी । वही कारीगर की सबसे बड़ी हार होगी, सबसे भारी हार । (6)

2. 'रश्मिरथी' के काव्यरूप का विवेचन कीजिए ।

अथवा

श्रीकृष्ण के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(8)

3. "महाभोज सामान्य जन की दारुण कथा है" – स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

बिन्दा के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का आकलन कीजिए ।

(8)

4. 'कोणार्क' की मूल संवेदना पर विचार कीजिए ।

अथवा

विशु का चरित्र चित्रण कीजिए। (8)

5. 'अतीत के चलचित्र' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) रामा की कर्तव्यपरायणता के दो उदाहरण लिखिए।

(ii) बिंदा को अपनी माँ की याद कब आती थी ?

(iii) सबिया से लेखिका का क्या संबंध था ?

(iv) घीसा के गुरु साहब कौन थे ?

अथवा

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) बच्चन जी ने आत्मकथा लिखने के पीछे किन कारणों का उल्लेख किया है ?

(ii) राधा के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iii) नायब साहब की मृत्यु कैसे हुई ?

(iv) हरिवंशराय बच्चन की किन्हीं दो कृतियों के नाम लिखिए। (8)

6. (क) रीतिकाल की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रयोगवादी कविता की प्रमुख विशेषताओं का परिचय दीजिए। (10)

(ख) किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए :

(i) तुलसीदास

(ii) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(iii) पद्मावत

(iv) साकेत (5)

7. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

(i) परहित सरिस धरम नहि भाई।

(ii) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

(iii) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत (4)

(ख) निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

स्वावलंबन मानव में गुणों की प्रतिष्ठा करता है। आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलम्बन के सहोदर हैं। ऐसे महान् प्रचंड, शक्ति-संपन्न स्वावलंबी मनुष्य समाज और राष्ट्र का जीवन है। ऐसे व्यक्ति समाज तथा राष्ट्र के लिए बल, गौरव एवं उन्नति का द्वार हैं, सुख, शांति तथा समृद्धि के साधन हैं। स्वावलंबन, व्यक्ति, राष्ट्र तथा मानव मात्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है; जीवन का आभूषण है, वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है

(i) स्वावलंबन के सहोदर किन्हें कहा गया है ?

(ii) स्वावलंबी व्यक्तियों से समाज तथा राष्ट्र को क्या लाभ होता है ?

(iii) स्वावलंबन को किनके जीवन में सफलता प्राप्ति का महामंत्र कहा गया है ?

अथवा

हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Advertising has become an important function of marketing in the competitive world. It helps to spread the message about the product and thus

promotes its sale. It facilitates creation of a non-personal link between the advertiser and the receivers of the message. The significance of advertising has increased in the modern era of large scale production and tough competition in the market. (6)

(ग) महाविद्यालय में बिताए गए अपने पहले दिन के अनुभव का वर्णन कीजिए।

अथवा

अपने क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर समाचार-पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए। (6)